न्यायालय उपखण्ड अधिकारी कुचामन सिटी जिला नागौर(राज0) G

पीठासीन अधिकारी :– मनोज, **R.A.S.**

राजस्व प्रार्थना–पत्र संख्या :– 64 / 2023 **GCMS No. 2023/ 112**

प्रार्थी

राजस्थान राज्य सरकार जरिये तहसीलदार कुचामनसिटी

आदेश

दिनॉक :– 30.05.2023

तहसीलदार कुचामनसिटी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत धारा 131, 132 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956 व नियम 58, 59, 60, 66, 86 राजस्थान भू–अभिलेख नियम 1957 मय दस्तावेजात नकल जमाबन्दी, नकल नक्शा, मौका रिपोर्ट पटवारी हल्का व भू–अभिलेख निरीक्षक परिशिष्ट–"ए" एवं अभिशंषा तहसीलदार कुचामनसिटी का ध्यानपूर्वक अवलोकन व मनन किया गया जिसके अनुसार **ग्राम आनन्दपुरा पटवार हल्का आनन्दपुरा तहसील कुचामनसिटी जिला नागौर राजस्थान के खसरा नम्बर 1276/1266 रकबा 0.0174 हैक्टर जाव द्वितीय राजकीय खाता संख्या 1 में दर्ज है।** भूमि में मौके पर रास्ता चालू है। परन्तु राजस्व अभिलेख एवं राजस्व नक्शे में उक्त रास्ते की किस्म गै.मु.रास्ता दर्ज नही है। सम्बन्धित पटवारी हल्का ने अपनी मौका रिपोर्ट में मौके पर उक्त रास्ता काफी पुराने समय से चालू होना बताया है। साथ ही तहसीलदार कुचामनसिटी ने उक्त रास्ते को राजस्व अभिलेख में गै.मु.रास्ता किस्म दर्ज करने हेतु अपनी स्पष्ट अभिशंषा की है। इस प्रकार यह प्रार्थना–पत्र स्वीकार किये जाने योग्य होने से स्वीकार किया जाता है। तहसीलदार कुचामनसिटी को निर्देशित किया जाता है कि **ग्राम आनन्दपुरा पटवार हल्का आनन्दपुरा तहसील कुचामनसिटी जिला नागौर राजस्थान के खसरा नम्बर 1276/1266 रकबा 0.0174 हैक्टर जाव द्वितीय राजकीय खाता संख्या 1 में राजस्थान सरकार में किस्म गै.मु.रास्ता** परिशिष्ट– "ए" में वर्णितानुसार करावें। परिशिष्ट– "ए" एवं नजरी नक्शा आदेश का भाग रहेगा। तहसीलदार कुचामनसिटी पालना कर रिपोर्ट इस न्यायालय में पेश करे।

यह आदेश आज दिनॉक 30.05.2023 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय मुद्रा से जारी किया गया।

(मनोज,**RAS**)
उपखण्ड अधिकारी
कुचामनसिटी (नागौर)

उपखण्ड अधिकारी
कुचामन सिटी (नागौर)

Signature Not Verified

Digitally signed by Manoj
Date: 2023.07.26 17:57:48 IST
Reason: SelfAttested